# राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर
## ( पाठ्यचर्या, सामग्री निर्माण एवं मूल्यांकन प्रभाग–1 )

क्रमांकःराराशैअप्रप–उदय/प्रभाग–1/फा.1315/2019/ दिनांक 11.11.2019

**मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी**
**समस्त जिले।**

विषयः–राज्य स्तरीय विज्ञान मेला 2019–20 के आयोजन के सम्बंध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राज्य स्तरीय विज्ञान मेला 2019–20 का आयोजन दिनांक **30 नवम्बर 2019 से 03 दिसम्बर 2019** तक सीकर जिले के **राउमावि सिंहासन** के संयोजन में **नवजीवन साईंस कॉलेज, सीकर** में आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय विज्ञान मेला की प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त प्रतियोगी को राज्य स्तरीय मेले में भाग लेने हेतु पाबंद करे। जिले के प्रतियोगियों की सहभागिता का विवरण निम्नानुसार हैः–

| नाम प्रतियोगिता | प्रति जिले से अधिकतम प्रतियोगी विद्यार्थी/शिक्षक की संख्या | प्रति जिले से अधिकतम प्रभारी शिक्षक |
|---|---|---|
| 06 प्रादर्श (जूनियर वर्ग) | 06 | 06 |
| 06 प्रादर्श (सीनियर वर्ग) | 06 | 06 |
| दिव्यांगों के लाभ पर आधारित अभिनव प्रादर्श (जूनियर वर्ग) | 01 | 01 |
| दिव्यांगों के लाभ पर आधारित अभिनव प्रादर्श ( सीनियर वर्ग) | 01 | 01 |
| क्विज | 01 | 01 |
| सेमिनार (विद्यार्थी) | 01 | 01 |
| सेमिनार (शिक्षक) | 01 | – |
| **कुल** | **17** | **16** |

आपके जिले के उपर्युक्तानुसार जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त 16 विद्यार्थी एवं 01 शिक्षक(सेमिनार) कुल 17 प्रतियोगिता में भाग लेंगे तथा अधिकतम कुल 16 शिक्षक "प्रभारी शिक्षक" के रूप में आ सकेंगे। यह ध्यान रखें कि एक विद्यालय से एक से अधिक प्रतिभागी विद्यार्थी होने पर एक ही प्रभारी शिक्षक भेजा जाए।

आपके जिले से सभी 17 प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त संभागियों की सूची एवं भाग लेने के संबंध में निर्देश प्रेषित करे। इन संभागियों को राज्य स्तरीय मेले में भाग लेने हेतु आवश्यक

www.rajteachers.com

निर्देशों की जानकारी दिनांक 15.11.2019 तक अनिवार्यतः देवें तथा की गयी कार्यवाही से परिषद् को अवगत करावें। सामान्य निर्देश की प्रति संलग्न है।

निदेशक
राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान
एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

क्रमांकःराराशैअप्रप–उदय/प्रभाग–1/फा.1315/2019/ दिनांक 11.11.2019

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, रामाशिप, जयपुर।
2. निजी सहायक, परियोजना निदेशक राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
3. निजी सहायक, निदेशक माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर।
4. डॉ. ए.के. श्रीवास्तव, समन्वयक, राज्य स्तरीय विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी, विज्ञान एवं गणित शिक्षा विभाग, एनसीईआरटी, नई दिल्ली।
5. संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा) समस्त संभाग।
6. प्रधानाचार्य राउमावि सिंहासन, सीकर को भेजकर लेख है कि मेला स्थल पर पहुंचनें हेतु आवागमन के साधन, भोजन, आवास आदि व्यवस्थाओं की जानकारी समस्त जिलों को दिनांक 20.11.2019 तक आवश्यक रूप से पहुंचाए जाने की व्यवस्था सुनिश्चत करें।

निदेशक
राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान
एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

www.rajteachers.com